MANGAL SAMPARK

NAAC A+ GRADE
Accredited University

मङ्गल सम्पर्क

www.mangalayatan.in

MANGALAYATAN UNIVERSITY NEWSLETTER BY PUBLIC RELATION UNIT

Job Fair Creates Buzz, 460 Candidates Selected for Employment

A one-day mega job fair was organized at Mangalayatan University by the Training and Placement Cell, providing significant employment opportunities to aspiring candidates. More than 25 reputed companies like PYTM, Flipkart, Ujjivan Bank, ICICI, Yokohama Tyres, Axis Bank, Just Dial, Maxfort Hospital and others from across the country participated in the event and assessed the talent of young job seekers. After rigorous interviews and skill evaluations, a total of 460 candidates were selected for various positions.

The event was inaugurated by Vice-Chancellor Prof. P.K. Dashora, who congratulated the selected candidates and said that the university's primary objective is not just to award degrees but to equip students with skills that make them self-reliant. He encouraged the youth to choose careers aligned with their abilities and interests and strive

for excellence in their professional lives. Registrar Brigadier Dr. Sumar Vir Singh described the job fair as a milestone and emphasized the university's continuous efforts to provide the best career opportunities alongside quality education. Controller of Examinations Prof. Dinesh Sharma highlighted the changing global scenario and stated that jobs are available in abundance; candidates simply need to prove their capabilities in today's competitive environment. Over 25 leading companies from technical, management, and service sectors participated in the fair. Large number of candidates registered at various stalls and showcased their skills before company representatives.

Director of the Training and Placement Cell Prof. Kishan pal Singh said that the university organizes such job fairs every year, resulting in placements for numerous students. In-charge Dr. Vipin Kumar expressed gratitude to all the guests and company representatives for making the event successful.

Radio Narad Leads Blood Donation Drive, Collects 135 Units

A voluntary blood donation camp was organized at Mangalayatan Hospital under the joint aegis of the Department of Journalism & Mass Communication's Radio Narad 90.4 FM and Smart NGO at Mangalayatan University. The camp was conducted with the support of Sarvahit Seva Sanstha and Aligarh Charitable Blood Bank. A total of 135 voluntaries donated blood, becoming lifesavers through their noble contribution.

Inaugurating the event, Registrar Brigadier Dr. Sumar Vir Singh said that blood donation is the greatest

form of donation as it has the power to save precious lives. He urged the youth to donate blood regularly and actively participate in social service initiatives.

Large number of students, faculty members and staff enthusiastically took part in the camp and donated blood.

Head of the Department, Prof. Jitendra Singh expressed gratitude to all collaborators, participants and supporting organizations. He said that such initiatives play a vital role in bringing positive change to society and creating awareness about humanitarian responsibilities. All blood donors were honored with certificates and gifts in recognition of their valuable contribution to this

Journalism Student Shines at UP International Film Conclave

Faculty members and students of the Department of Journalism and Mass Communication, Mangalayatan University, delivered an outstanding performance through their active participation in the UP International Film Conclave held at the Sangeet Natak Akademi, Lucknow. The international-level event was organized by the Film Society of India in collaboration with the Uttar Pradesh Tourism Department, where participants were honored for their achievements and contributions.

During the conclave, Head of Department Prof. Jitendra Singh successfully moderated several important sessions and was also honored for his remarkable research work. Faculty member Dr. Manisha Upadhyay and students Sakshi Jha, Somi, Janhvi, Kshama Upadhyay, and Rushali were felicitated for efficiently carrying out important responsibilities during the event. After the conclusion of the conclave, the students, under the guidance of faculty members, went on an academic tour to Ayodhya, where they explored and studied various spiritual and historical sites. Prof. Jitendra Singh informed that representatives from 15 states and 17 universities participated in the conclave. The event was graced by Deputy Chief Minister Brajesh Pathak, along with renowned personalities from the film industry, including Zakir Hussain, Rajesh Jais, Aditya Srivastava, and Meenakshi.

Expert Session on Cyber Security and Data Analytics Organized

A special training session on Cyber Security and Data Analytics was organized at Mangalayatan University under the Memorandum of Understanding (MoU) signed between the University and Grant Thornton. The program was conducted by the Department of Computer Engineering and Applications with the objective of familiarizing students with current industry requirements and emerging technological trends.

In the first session Manish an expert from Grant Thornton, introduced BBA and MBA students on the intricacies of Data Analytics. He explained how data analysts play a crucial role in analyzing complex data to support effective business decision-making. Through practical demonstrations using tools like Python, he highlighted how companies leverage data to stay competitive in today's dynamic market. In the parallel second session, trainer Nishtha educated MCA, B.Tech, and BCA students on Cyber Security. She emphasized the importance of protecting digital assets and maintaining data privacy in the rapidly evolving digital landscape.

Head of Department Dr. Love Mittal stated that such programs help bridge the gap between academic learning and industry-driven practical demands, enabling students to become better prepared for professional challenges.

मंगलायतन विश्वविद्यालय में गूंजा भगवान महावीर का संदेश

मंगलायतन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय महावीर जयंती महोत्सव संपन्न हुआ। सुबह भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक, पूजन व विधान किया गया। शाम को भक्ति, स्वाध्याय एवं संगोष्ठी के माध्यम से उपस्थित जनों ने आध्यात्मिक लाभ लिया। कार्यक्रम प्रो. सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में हुए। छात्र नमन ने भगवान महावीर के पांच नामों की उत्तम व्याख्या करते हुए उनके बताए मार्ग को मोक्ष का साधन बताया। संयोजक मयंक जैन ने महावीर के सिद्धांतों को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और शांति एवं सद्भाव के लक्ष्यों से जोड़ते हुए उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अंशिका जैन द्वारा प्रस्तुत मधुर पालना गीतों ने सभी को भावविभोर कर दिया। इस दौरान जैन विद्यार्थियों के दल ने तीर्थधाम मंगलायतन का भ्रमण किया।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, योग व स्वास्थ्य पर दिया गया जोर

मंगलायतन विश्वविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर योग क्लब द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बेहतर स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर पीपीटी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने विचार साझा किए। वहीं छात्राओं के समूह ने योग प्रस्तुति दी।
प्रो. आरके शर्मा ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही सफलता की आधारशिला है। योग क्लब की समन्वयक भावना राज ने शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सूक्ष्म आसनों का अभ्यास कराया।
वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई पांच और फार्मेसी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय से बेसवां चौराहे तक जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ कुलसचिव ब्रिगेडियर डॉ. समरवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

मंगलायतन विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डिप्लोमा व बीटेक छात्रों का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने शेखा झील के पास स्थित अमित ट्रेडर्स रेडी मिक्स कंक्रीट प्लांट का दौरा किया।
कुलसचिव ब्रिगेडियर डा. समरवीर सिंह, संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा, डीन एकेडमिक प्रो. अम्बरीष शर्मा व डायरेक्टर प्रो. महेश कुमार ने विद्यार्थियों को रवाना करते हुए व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान विभागाध्यक्ष राज किरन सिंह, डा. मोहम्मद सलमान रहीश, विष्णु कुमार व गौरव सिंह मौजूद रहे। प्लांट पर विद्यार्थियों ने रेडी मिक्स कंक्रीट की उत्पादन प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और निर्माण सामग्रियों के गुणों की जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ उद्योग से जुड़ी व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई, जो उनके भविष्य के लिए उपयोगी साबित होगी।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पर कार्यक्रम आयोजित

मंगलायतन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा "शक्ति पथः लोकतंत्र में महिलाओं का नेतृत्व" विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के संदर्भ में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं की राजनीतिक एवं सामाजिक भागीदारी पर विशेष चर्चा हुई।
कुलसचिव डा. समरवीर सिंह ने कहा कि अब महिलाएं केवल घर–परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राजनीति और संसद में भी समान भूमिका निभाने के लिए आगे बढ़ रही हैं। प्रो. अंबरीश शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और समाज में समय के साथ महिलाओं को अधिक अवसर मिल रहे हैं। प्रो. मनीषा शर्मा ने 33 प्रतिशत आरक्षण को एक सकारात्मक कदम बताया। प्रो. दीपशिखा सक्सेना ने महिलाओं की वर्तमान स्थिति में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. गुंजन रानी चौधरी ने महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया डॉ. पूनम रानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा उपाध्याय रहीं।
राष्ट्रीय सेवा योजना की छठवीं इकाई ने नारी शक्ति दीवार आयोजित किया। सहभागिता एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सभी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में दीवार पर अपने विचार लिखे और हस्ताक्षर कर समर्थन दिया। आयोजन इकाई की कार्यक्रम अधिकारी भावना राज ने किया।

मंगलायतन विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "शक्तिपथ : लोकतंत्र में महिलाओं का नेतृत्व" विषय पर वक्ताओं ने महिलाओं की भागीदारी, अधिकारों और नेतृत्व क्षमता पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य अतिथि मधुलिका रानी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर केंद्र सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम–2023 को महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक अहम पहल बताया। विशिष्ट अतिथि शिव नारायण शर्मा ने कहा कि आज की नारी केवल सजावट का प्रतीक नहीं, बल्कि इतिहास बदलने की क्षमता रखती है। उन्होंने महिलाओं से जागरूक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और लोकतांत्रिक संस्थाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। डा. पूनम रानी ने कहा कि नारी का नेतृत्व सदैव समाजहित में होता है और वह कभी विनाशकारी नहीं हो सकता। प्रो. गुंजन रानी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

Students Learn New Technologies in AI and Prompt Engineering Workshop

A one-day workshop on "Generative AI Foundation and Prompt Engineering" was organized at Mangalayatan University under the joint aegis of the Training & Placement Cell and the Department of Computer Engineering & Applications. The workshop aimed to educate students with detailed insights into the modern aspects of Artificial Intelligence and its practical applications.

Registrar Brigadier Dr. Sumar vir Singh said that in today's rapidly evolving world, understanding AI along with technical skills has become essential for students to prepare for future challenges.The chief guest, Nishant Bhardwaj, Founder of Skillgorithm and a Generative AI Coach, emphasized that prompt engineering has emerged as the new language of innovation. He stated that those who master it will shape the future. He further explained that AI is not just a technology but a powerful tool that enhances creativity and opens new avenues of thinking. The workshop enabled students to gain hands-on knowledge and understand the growing significance of AI-driven solutions across industries.

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में छात्रों व शिक्षकों ने लहराया परचम

मंगलायतन विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मेरठ में आयोजित "इनोवेटिव होराइजन्स इन न्यूरो–फिजियोथेरेपी 2026: ए मल्टीडिसीप्लिनरी कॉन्फ्रेंस एंड हैकाथॉन" में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई उपलब्धियां हासिल कीं।

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सत्यजीत राय ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। सम्मेलन में विभाग के प्राचार्य डा. केके शर्मा को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए चेयरपर्सन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वहीं डा. अन्नपूर्णा एवं डा. नेहा रानी को उनके शोध कार्य के लिए यंग रिसर्चर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जबकि डा. अलका को बेस्ट एकेडमिशियन अवार्ड प्रदान किया गया। बीपीटी छठे सेमेस्टर की छात्रा मौली सागर ने पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उमा बघेल व ऋतिका कुमारी ने डुएट डांस तथा निखिल जैन ने सोलो डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलसचिव ब्रिगेडियर डा. समरवीर सिंह व संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया।

प्रकृति के बीच सीखते हुए पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मंगलायतन विश्वविद्यालय के नेचर क्लब द्वारा "ग्रीन एंबेसडरः फ्रॉम ऑब्जर्वेशन टू एक्शन" विषय पर शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण भरतपुर स्थित विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (बर्ड सैंक्चुअरी) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से सतत विकास की अवधारणा से जोड़ना रहा।

शिक्षा केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए

शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने के लिए मंगलायतन विश्वविद्यालय में विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें 'डिजाइनिंग इफेक्टिव करिकुलमः एम्फेसाइजिंग आउटकम–बेस्ड एजुकेशन एंड इम्प्लीमेंटेशन' विषय पर चर्चा हुई।

इस सत्र में मुख्य वक्ता शिक्षा विशेषज्ञ डा. नमीश मिगलानी ने पाठ्यक्रम डिजाइन करने के आधुनिक तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसके परिणाम स्पष्ट और मापने योग्य होने चाहिए। कोर्स आउटकम, प्रोग्राम आउटकम और प्रोग्राम स्पेसिफिक आउटकम को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। डा. मिगलानी ने बताया कि शिक्षण रणनीतियों और मूल्यांकन विधियों के बीच तालमेल होना अनिवार्य है ताकि विद्यार्थियों के प्रदर्शन का पारदर्शी और वस्तुनिष्ठ तरीके से आकलन किया जा सके। प्रो. राजीव शर्मा ने विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा के तहत की जा रही विभिन्न पहलों से सदन को अवगत कराया।

वहीं, प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दीकी ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा पाठ्यक्रमों को संशोधित किया जा रहा है। इस संवाद सत्र में शिक्षकों ने विद्यार्थियों के असेसमेंट करने पर भी गहन चर्चा की। आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. राजेश उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन पर संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया।

AI-Powered Physiotherapy takes center stage at Book Counter

A book titled "Artificial Intelligence Intervention in Physiotherapy Diagnostics," authored by Dr. Annapurna, Assistant Professor in the Department of Physiotherapy at Mangalayatan University, was officially released by Registrar Brigadier Dr. Sumar Vir Singh and Controller of Examinations Prof. Dinesh Sharma. They described the book as highly useful for modern healthcare services, highlighting its relevance in explaining the growing integration of AI with physiotherapy. Dr. Annapurna apprized that the book explains how Artificial Intelligence supports accurate diagnosis, personalized treatment and faster recovery. She added that it serves as a valuable guide for students, researchers and medical professionals interested in smart healthcare systems.

"Sweet Poison" Book Released at Mangalayatan University

The book "Sweet Poison" was jointly released by Registrar Brigadier Dr. Sumar Vir Singh and Controller of Examinations Prof. Dinesh Sharma at Mangalayatan University. The book is authored by Dr. Arbab Hussain, Dr. Afreen Khan, and Dr. Hamda Khan. Dr. Arbab Hussain, Assistant Professor in the Department of Biotechnology and Life Sciences, said the book highlights the harmful effects of excessive sugar consumption in modern lifestyles.Written in simple and clear language, the book describes sugar as a "sweet poison" and explains various health complications caused by its overconsumption, aiming to create awareness and encourage healthier dietary habits.

जीवन जीने का अनुशासित तरीका है विज्ञान

मंगलायतन विश्वविद्यालय के एप्लाइड साइंसेज संस्थान द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री इंटरेक्शन सेल (यूआईआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में 'दर्शन और सफलता का विज्ञान' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के प्रतिष्ठित शिक्षाविद प्रो. भुवनेश गुप्ता रहे। अपने ओजस्वी संबोधन में प्रो. गुप्ता ने वैज्ञानिक जांच और अनुसंधान के दार्शनिक आधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल ज्ञान प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सफलता के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का होना अनिवार्य है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए तर्क और विवेक का होना आवश्यक है। विज्ञान केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक अनुशासित तरीका है। व्यक्तिगत विकास और शैक्षणिक उपलब्धियों के बीच संतुलन ही वास्तविक सफलता की कुंजी है।

व्याख्यान के अंत में संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा, डीन एकेडमिक प्रो. अम्बरीष शर्मा, आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. रविकांत, आईआईसी की उपाध्यक्ष प्रो. मनीषा शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

MU Strengthens Industrial Links with Adani Cement through MOU

Taking a major step towards bridging the gap between education and industry and preparing future innovators, Mangalayatan University signed an important Memorandum of Understanding (MoU) with the country's renowned industrial group Adani Cement (Ambuja Cements Limited and ACC).

This partnership has been named the Adani Cement Future-X Initiative. The agreement was signed on behalf of the university by Registrar Brigadier Dr. Sumar Vir Singh, while CEO Vinod Bhati signed on behalf of the Adani Group.

Under this initiative, Adani Cement will provide students with technical assistance, resources and mentorship. The Registrar stated that the agreement will offer special opportunities to Mangalayatan University students, including priority access to internships and practical training at Adani Cement. The initiative aims to develop students into the next generation of innovators in India by equipping them with industry-relevant skills and hands-on experience. Dean Academics Prof. Ambrish Sharma said that this collaboration will not only contribute significantly to students' academic growth but will also prove to be a milestone in nation-building and sustainable innovation. Among those present on the occasion were Prof. Kishanpal Singh from the Training and Placement Cell, Regional Technical Head Manish Kumar, Senior Technical Expert Avneesh Kumar, and other dignitaries.

खिलाड़ियों ने कराटे में जीते स्वर्ण व रजत पदक

मथुरा के जीएलए विश्वविद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिता 'आगाज 2026' में मंगलायतन विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कराटे स्पर्धा में विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों पर कब्जा जमाकर संस्थान का नाम रोशन किया है।

कोच उन्नीकृष्णन नायर ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अत्यंत आक्रामक और तकनीकी खेल का प्रदर्शन किया। 60 किलोग्राम भार वर्ग में तोसिफ अहमद ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 75 किलोग्राम भार वर्ग में मोहम्मद अफसर ने कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक हासिल किया। 55 किलोग्राम भार वर्ग में धीरज कुमार ने बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। कुलसचिव ब्रिगेडियर डा. समरवीर सिंह और संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और एकाग्रता सिखाते हैं। हमारे खिलाड़ियों ने जिस तरह का जज्बा मैदान पर दिखाया है, वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगा।

Deliberations Held on the Role of AI in Pharma Research

Mangalayatan University's School of Pharmacy and MIPER organized Pharma Anveshan-2026, featuring academic and cultural activities focused on the role of Artificial Intelligence (AI) in pharmaceutical research and innovation. The event aimed to familiarize students with the evolving pharma ecosystem and emerging technologies.

The keynote speaker, Dr. Saurabh Kosey, delivered an insightful lecture on "The Role of AI in Pharmacy," highlighting its practical applications, significance and ethical dimensions in the pharmaceutical sector. Principal Prof. Abdul Wadud Siddiqui, along with Dr. Sarfaraz and Dr. Dashrath Singh, elaborated on the theme "Future Pharma Ecosystem: Coordination between Academia, Industry, Research, Regulatory Framework, and Practice." In the PowerPoint Presentation Competition, Mantosh Shah secured the first position, while Mayank Gupta and Piyush Chaudhary stood second, and Navya Singh and Piyu Sarothi secured third place. In the Poster Competition, Palak Kumari won first place, while Khadija, Rohit Rai, Tanishq Sharma, and Krishnavatar secured second place.In the Reel Competition, Mantosh Shah, Nitish Sengar, Paras Sengar, and Kishore Mohan secured first place, while Shiv Kumar stood second.

AI Makes Decision-Making Faster and More Accurate in Data Analytics

A one-day workshop was organized by the Department of Computer Engineering and Applications at Mangalayatan University on the topic "The Role of Artificial Intelligence in Data Analytics." Experts at the workshop elaborated on future challenges and emerging opportunities in the field.

Data Analytics expert Arvind Tiwari, keynote speaker, explained that in the current era, AI is making data analysis not only more accurate but also significantly faster and more effective. With the help of AI, even large and complex datasets can be processed efficiently, improving decision-making across various sectors while minimizing errors, he added.

Expert speaker Jitendra Singh highlighted that data has become the "new fuel" in today's world. Sharing practical insights, he stated that the fields of AI and Data Analytics offer immense career opportunities for students in the future. Head of the Department Dr. Love Mittal said that technological advancements are taking place every day, and such workshops play an important role in keeping students updated with the latest industry trends and innovations.

Workshop on Educational Video Resource Development

A one-day workshop on "Development of Educational Video Resources" was organized by the Department of Electrical and Electronics Engineering at Mangalayatan University, in collaboration with the Centre for Distance and Online Education, to strengthen the academic capabilities of teachers. The training was aimed to equip faculty members with digital content creation skills.At the beginning of the workshop, Head of Department Prof. Rajesh Kumar Upadhyay highlighted the importance of educational technology in modern teaching. He stated that technology enables students to continue learning beyond classroom boundaries.Prof. Anurag Shakya explained how educational tools such as interactive whiteboards, multimedia content, and online platforms enhance teaching effectiveness and student engagement while making personalized instruction easier.Prof. Deepshikha Saxena discussed key resources that improve classroom interaction and provide access to diverse learning materials. She also emphasized how these technologies simplify administrative tasks and streamline assessment processes.

Experts Deliberate on Public Policy and Governance Challenges in the Age of AI

A one-day seminar on "Challenges of Public Policy and Governance in the Age of AI" was organized by the Department of Computer Engineering and Applications at Mangalayatan University. The seminar focused on discussing the emerging challenges and opportunities in governance in the era of Artificial Intelligence.

Registrar Brigadier Dr. Sumar Vir Singh, while introducing the guests, emphasized the relevance of the topic in the present technological landscape.

Dean Academics Prof. Ambrish Sharma highlighted the core theme of the seminar and its significance in shaping future governance systems.

The chief guest, retired IAS officer G.P. Upadhyay, shared his administrative experiences and stated that the integration of AI into public administration could prove to be a revolutionary step towards good governance, transparency, and efficiency.

Guest of Honour Prasun Chaudhary, Founder of Easily AI, provided technical insights into the practical applications of AI and its transformative potential across governance systems.

Prof. Rajeev Sharma expressed gratitude to all participants and guests. Head of Department Dr. Love Mittal expressed happiness over the successful organization of the seminar and stated that the university remains committed to preparing students for future technologies and emerging challenges.

विश्व पृथ्वी दिवस : हमारी ऊर्जा हमारा ग्रह

मंगलयातन विश्वविद्यालय में कृषि विभाग एवं नेचर क्लब द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसकी इस वर्ष की थीम 'हमारी ऊर्जा हमारा ग्रह' रही। विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रस्तुति द्वारा अपने विचार भी दिए। जिसमें शानू को प्रथम स्थान, कुंदन और इरशाद को द्वितीय एवं अनुप्रिया और श्वेता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चतुर्थ स्थान आर्यन, पंकज, रूपा और श्रुति को संयुक्त रूप प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका में प्रो. राकेश शर्मा, प्रो. प्रमोद कुमार एवं प्रो. वेद रतन रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए पर्यावरण के उथल पुथल पर प्रकाश डाला। प्रो. आरके शर्मा ने पोस्टर का अवलोकन किया और छात्रों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। विभाग के प्राध्यापक प्रो. वेद रतन ने इस दिवस का महत्व बताते हुए इसके उद्देश्य के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। सुरजीत शर्मा ने विलुप्त जीवों और पक्षियों की चर्चा करते हुए बताया कि कैसे पृथ्वी को सुरक्षित रखा जा सकता है। विद्यार्थी रंजू और निशु ने व्याख्यान और कविता के माध्यम से कार्यक्रम के महत्व को समझाया।

रेडियो नारद टीम ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूकता

रेडियो नारद टीम ने स्मार्ट एनजीओ के कार्यक्रम "सेहत सही लाभ कई" के अंतर्गत ग्राम नगला नंद के प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना और उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। बच्चों को संक्रामक एवं संचारी रोगों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी और उनसे बचाव के उपाय भी बताए। रेडियो नारद और स्मार्ट एनजीओ का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

EDITORIAL BOARD :
Patron : Prof. P.K. Dashora, Vice Chancellor, **Chief Editor :** Prof. Jitendra Singh, **Associate Editors :** Dr. Manisha Upadhyay, Mr. Mayank Jain, **Advisory Board :** Brig (Dr.) Sumar Vir Singh (Retd), Prof. Ravi kant, Prof. Rajeev Sharma, Prof. Yatendra Pal Singh, Prof. Abdul Wadood Siddiqui, Dr. Poonam Rani, **Editor/Designing :** Mr. Yogesh Kaushik, **Student Sub Editor :** Yash, Sahil, Mukesh, Somi